SALCO
South Asian Legal Clinic of Ontario

# पारिवारिक हिंसा के पीड़ित पीड़ित लोगों के लिए टेम्परेरी रेज़ीड़ेंट परमिट (TRP)

## पारिवारिक हिंसा के पीड़ित लोगों के लिए TRP क्या है?

यदि आप पारिवारिक हिंसा या दुर्व्यवहार का सामना कर रहे हैं और कैनेडा में आपका स्टेटस नहीं है, तो आप पारिवारिक हिंसा के पीड़ित लोगों के लिए एक विशेष परमिट के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिसे टेम्परेरी रेज़ीड़ेंट परमिट (TRP) के रूप में जाना जाता है। एक TRP आम तौर पर किसी ऐसे व्यक्ति को दिया जाता है जो "अस्वीकार्य"(inadmissible) है, जिसका अर्थ है कि वे कुछ कारणों से कैनेडा में प्रवेश नहीं कर सकते हैं या कैनेडा में रह नहीं सकते हैं, या किसी ऐसे व्यक्ति को जो इमीग्रेशन कानून की आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता है। उन मामलों में, यदि यह उचित है, तो TRP एक व्यक्ति को थोड़े समय के लिए कैनेडा में रहने की अनुमति देता है। पारिवारिक हिंसा के लिए TRP, (TRP-FV) विशेष रूप से उन लोगों के लिए है जो परिवार में दुर्व्यवहार का सामना कर रहे हैं और या उनका कोई स्टेटस नहीं है या उन्होनें कैनेडा में उनका स्टेटस खो दिया है।

## पारिवारिक हिंसा के पीड़ित लोगों के लिए TRP के लिए कौन योग्य है?

**आप पारिवारिक हिंसा के पीड़ित लोगों के लिए TRP के लिए आवेदन कर सकते हैं यदि:**

- आप कैनेडा में रह रहे हैं और अपने पति या पत्नी या कॉमन-लॉ पार्टनर से दुर्व्यवहार का सामना कर रहे हैं और;

- आपने परमानेंट रेज़िडेंस (PR) के लिए आवेदन किया है या आवेदन करना चाहते हैं और आपका PR स्टेटस प्राप्त करना आपके पति/पत्नी/पार्टनर के साथ दुर्व्यवहार वाले रिश्ते में रहने पर निर्भर करता है।

- आपका कोई इमीग्रेशन स्टेटस नहीं है

SALCO
South Asian Legal Clinic of Ontario

यदि आपके पास अस्थायी स्टेटस (जैसे विज़िटर वीज़ा) है तो आप आवेदन करने में सक्षम हो सकते हैं। नोट: यदि आपके पास एक वैध अस्थायी वीज़ा (जैसे विज़िटर वीज़ा, वर्क परमिट, या स्टडी परमिट) है तो आपका आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है और आपको तब आवेदन करना पड़ सकता है जब आपका वैध स्टेटस समाप्त हो गया हो और उसे बहाल करने की अवधि समाप्त हो गई हो। यह एक जटिल निर्णय हो सकता है और आप एक वकील से बात करना चाह सकते हैं।

## ये उन स्थितियों के कुछ उदाहरण हैं जिनमें आप योग्य हो सकते हैं:

- आपके पति/पत्नी या पार्टनर ने आपको PR बनने के लिए स्पान्सर करने के लिए आवेदन किया है, लेकिन आपने उन्हें दुर्व्यवहार के कारण छोड़ दिया है या आपने इसलिए नहीं छोड़ा है क्योंकि आप डरते हैं कि आप अपना स्टेटस खो देंगे

- आपके दुर्व्यवहार करने वाले पति/पत्नी या पार्टनर ने अपना स्पान्सर्शिप आवेदन वापस ले लिया है

- आपके दुर्व्यवहार करने वाले पति/पत्नी या पार्टनर ने आपको बताया कि वे एक स्पान्सर्शिप आवेदन जमा करेंगे लेकिन कभी नहीं किया

- आप कैनेडा में एक विज़िटर, कामगार या छात्र के रूप में आए थे, और अपने पति/पत्नी या पार्टनर माध्यम से PR के लिए आवेदन करने की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन रिश्ता दुर्व्यवहार वाला हो गया है और आपके पति/पत्नी या पार्टनर ने स्पान्सर्शिप आवेदन जमा नहीं किया है

*जब आप TRP FV के लिए आवेदन करते हैं, तो आप उसी समय वर्क परमिट के लिए भी आवेदन कर सकते हैं जो आपको यहां रहने के दौरान कैनेडा में काम करने की अनुमति देगा। आप अस्थायी स्वास्थ्य कवरेज भी प्राप्त कर सकते हैं।

नोट: जब आप **पहली बार** आवेदन करते हैं तो इस आवेदन के लिए **कोई फीस नहीं** है। यदि आप पहले TRP के बाद किसी भी TRP के लिए आवेदन करते हैं तो आपको केवल फीस देनी होगी। आपका प्रारंभिक वर्क परमिट भी निःशुल्क है, लेकिन यदि आप वर्क परमिट को नवीनीकृत करते हैं तो आपको भुगतान करना होगा।

SALCO
South Asian Legal Clinic of Ontario

## दुर्व्यवहार/पारिवारिक हिंसा के उदाहरण

**दुर्व्यवहार/पारिवारिक हिंसा के कई रूप हैं। कुछ उदाहरण हैं:**

- यौन दुर्व्यवहार
- शारीरिक दुर्व्यवहार
- वित्तीय दुर्व्यवहार
- मानसिक दुर्व्यवहार
- उपेक्षा करना
- अलगाव/आपको परिवार या दोस्तों से मिलने या बात करने, या कक्षाएं लेने या काम करने की अनुमति नहीं देना

नोट: दुर्व्यवहार को हिंसा माने जाने के लिए शारीरिक होना आवश्यक नहीं है।

## पारिवारिक हिंसा का प्रमाण

आपके द्वारा सामना की गई हिंसा के प्रमाण होना अच्छा है, क्योंकि इससे इमीग्रेशन अधिकारी को आपके पक्ष में निर्णय लेने में मदद मिलेगी। लेकिन अगर आपके पास कोई प्रमाण नहीं है, तो भी कोई बात नहीं। इस स्थिति में, आपको बस अपने शब्दों में IRCC को समझाना चाहिए कि आपके साथ क्या हुआ। यदि आपके पास कोई प्रमाण है, तो आप उसे अपने आवेदन के साथ संलग्न कर सकते हैं। सबूत/प्रमाण के कुछ उदाहरणों में शामिल हैं:

- गवाहों के बयान
- पुलिस रिकॉर्ड
- आपके डॉक्टर या आपके द्वारा मिले जाने वाले किसी अन्य मेडीकल पेशेवर (मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, थेरेपिस्ट, काउंसलर, नर्स, या अन्य मेडीकल पेशेवर) से पत्र
- एक सोशल वर्कर या सपोर्ट वर्कर से पत्र
- शेल्टर में वर्करों से पत्र

SALCO
South Asian Legal Clinic of Ontario

- आपके धर्म के सदस्य (उदाहरण: इमाम, पुजारी) से पत्र
- चोटों की तस्वीरें
- दुर्व्यवहार करने वाले से ईमेल या टेक्स्ट

एक इमीग्रेशन, रेफ्यूजीज़ ऐन्ड सिटिज़न्शिप कैनेडा (IRCC) अधिकारी आपके द्वारा प्रदान किए गए दस्तावेज़ों के आधार पर निर्णय ले सकता है। यदि वे मानते हैं कि ऐसा करना सुरक्षित है और इससे कोई कठिनाई नहीं होगी, तो वे आपसे टेलीफोन या व्यक्तिगत रूप से इंटरव्यू में भाग लेने का अनुरोध भी कर सकते हैं।

## पारिवारिक हिंसा के पीड़ित लोगों के लिए मेरी TRP कब तक मान्य होगी?

IRCC अधिकारी कम से कम 6 महीने के लिए लेकिन अक्सर 12 महीने के लिए TRP जारी करेगा। यह तय करने में कि आपको कितने समय के लिए TRP मिलनी चाहिए, अधिकारी निम्नलिखित बातों पर विचार करता है:

- कैनेडा के साथ आपके संबंध
- बच्चे की कस्टडी या पारिवारिक कानून से संबंधित कोई भी मुद्दे
- चिंतन करने के लिए और अपने अन्य इमीग्रेशन विकल्पों पर विचार करने के लिए आवश्यक समय जो आपको चाहिए
- आपको दुर्व्यवहार करने वाले से बचने का मौका देना ताकि आप भविष्य की कार्रवाई के बारे में सूचित निर्णय ले सकें
- कोई अन्य कारण जो अधिकारी आपको हिंसा से बचाने में मदद करने के लिए महत्वपूर्ण समझता है

## आवेदन कैसे करें

- आप अपने निकटतम स्थानीय IRCC कार्यालय में TRP आवेदन जमा करके आवेदन कर सकते हैं। जब आप TRP के लिए आवेदन करते हैं, तो आप उसी समय वर्क परमिट के लिए भी आवेदन कर सकते हैं।

- आवेदन IRCC की वेबसाइट पर पाए जाते हैं
- यदि आपके पास कोई वकील है, तो वे आपकी ओर से आवेदन जमा कर सकते हैं

यदि आपके पास कोई वकील नहीं है और यदि आप सुनिश्चित नहीं हैं कि TRP के लिए आवेदन करना है या नहीं, या यदि आप TRP या अपने अन्य इमीग्रेशन विकल्पों के बारे में जानकारी चाहते हैं, तो आप यह कर सकते हैं:

- IRCC क्लाइंट सपोर्ट सेंटर (CSC) से 1-888-242-2100 ([TTY] 1-888-576-8502) पर संपर्क करें
- व्यक्तिगत रूप से स्थानीय IRCC कार्यालय में जाएँ
- IRCC वेबसाइट पर उपलब्ध ऑनलाइन वेब फॉर्म में अपनी पूछताछ सबमिट करें

## प्रोसेसिंग समय:

IRCC इन आवेदनों को जल्दी से प्रॉसैस करने का इरादा रखता है लेकिन इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि आपके आवेदन पर कितनी तेजी से कार्रवाई की जाएगी।